संख्या–cm-491
21/09/2023

# विकास मित्र, टोला सेवक एवं तालिमी मरकज के शिष्टमंडल ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात, मानेदय बढ़ाये जाने पर मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया

**पटना 21 सितम्बर 2023 :–** मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से आज 1 अणे मार्ग में विकास मित्र, टोला सेवक एवं तालिमी मरकज के शिष्टमंडल ने मुलाकात की। शिष्टमंडल में शामिल सदस्यों ने मानदेय में बढ़ोत्तरी किये जाने पर मुख्यमंत्री के प्रति अपना आभार प्रकट कर उनका अभिनंदन किया एवं पूरी तन्मयता से अपनी जिम्मेवारियों का निर्वहन करने के प्रति मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया।

शिष्टमंडल में शामिल सदस्यों ने मुख्यमंत्री को पौधा, पुष्प–गुच्छ, प्रतीक चिन्ह एवं फूलों की बड़ी माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया।

मुलाकात के क्रम में मुख्यमंत्री ने शिष्टमंडल में शामिल सदस्यों से कहा कि आप सभी अपने दायित्वों का निर्वहन ठीक ढंग से करें ताकि सरकार की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक ससमय पहुॅचे। आपके कार्य की बेहतरी को ध्यान में रखते हुये सरकार ने प्रतिमाह मिलने वाले मानदेय में बढ़ोत्तरी की है। आपकी जिम्मेवारियों को और अधिक बढ़ाया जायेगा। आप सभी पूरी निष्ठा से अपना काम करें। न्याय के साथ विकास को ध्यान में रखते हुये हर तबके और हर इलाके का विकास किया जा रहा है। जन आकांक्षाओं और आवश्यकताओं के अनुरूप हर प्रकार की योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुॅचाया जा रहा है।

इस अवसर पर वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के सचिव श्री दिवेश सेहरा तथा शिक्षा विभाग के सचिव श्री बैद्यनाथ यादव उपस्थित थे।

******